आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच असाधारण तालमेल और एकजुटता का साक्षी बना है। यह बदलती विश्व व्यवस्था और युद्ध के नए तरीकों की चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित रणनीति तैयार करने के सरकार के संकल्प की भी पुष्टि करता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि मौजूदा समय में पारंपरिक रक्षा दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं है क्योंकि युद्ध अब विषम रूप ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ–साथ रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रक्षा बलों को सशक्त करने के लिये कई साहसिक सुधार किए हैं।

*अब युद्ध सिर्फ सीमाओं पर नहीं लड़े जाते। वे हाइब्रिड और असिमिट्रिकल स्वरूप ले चुके हैं और इनके थिएटर्स ऑफ कन्फ्लेक्ट जमीन से लेकर आउटर स्पेस तक फैले हुए हैं। ऐसे समय में ट्रेडिशनल डिफेंस आउटलुक अब पर्याप्त नहीं रह गया है। अगर हमें इन बदली परिस्थितियों का सामना करना है तो हमारी डिफेंस स्ट्रेटेजीस को अधिक कोऑर्डिनेटर, एडाप्टिव और प्री ... होना होगा और हमारी सरकार ने फ्यूजर रेडी और रोबस्ट आर्म्ड फोर्सेस के निर्माण के लिए कई बोल्ड और डिसाइसिव रिफॉर्म्स भी किए हैं और ये रिफॉर्म्स भारत की नेशनल सिक्योरिटी के साथ–साथ हमारी स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी को भी इनश्योर करते हैं।*

भाईदूज

देश सहित प्रदेश भर में भाई–दूज का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मानाया जा रहा है। इस अवसर पर बहने अपने भाईयों को तिलक कर उनकी लंबी उम्र, सुख समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करती है। साथ ही यह पर्व भाई और बहन के बीच स्नेह और विश्वास को और मजबूत बनाने का संदेश देता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को भाईदूज की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भाई दूज का पर्व भाई बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से इस भाईचारे और पारिवारिक मेलजोल को बढाने का आग्रह किया और सभी के जीवन में खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

जीएसटी

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा की थी और यह 22 सितंबर से शुरू हुआ था। स्वास्थ्य क्षेत्र में जीएसटी सुधारों से नागरिकों को काफी मदद मिल रही है।

*सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कर की दरों को घटाकर आम आदमी को बड़ी राहत दी है। नए जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 36 जीवन रक्षक दवाओं को कर मुक्त कर दिया है। इस कदम से मरीजों के इलाज की लागत कम हुई है और मध्यम तथा निम्न वर्गीय परिवारों को लाभ हो रहा है। इसी तरह गॉस, पट्टियां, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर तथा थर्मामीटर जैसे चिकित्सा उपकरणों पर भी कर की दरें 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत हो गई हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को भी कर मुक्त कर*

*दिया है जो पहले 18 प्रतिशत जीएसटी दर का हिस्सा थे। स्वास्थ्य सेवा में इस सुधार से प्रीमियम की कीमत कम हुई है और देश भर में बीमा कवरेज को बढ़ावा मिला है। जीएसटी सुधारों के बाद दवाइयां सस्ती हो गई हैं और लोगों का कुल चिकित्सा खर्च कम हुआ है।*

भाजपा

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने 16 हजार 5 सौ 82 संगठनात्मक नियुक्तियां की है; जिसमें से 7 हजार 9 सौ 94 बूथ अध्यक्ष बनाए गए हैं। भाजपा ने प्रदेश कार्यसमिति में 200 कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा है। जबकि 7 में से 6 मोर्चों में 2 सौ 53 नियुक्तियां की है। पार्टी ने अपने 17 संगठनात्मक जिलों की कार्यसमिति में 1 हजार 2 सौ 22 नियुक्तियां की है। इसी तरह मंडलो की संख्या 74 से बढाकर 171 की है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने कहा कि भाजपा काम करने वाले कार्यकर्ता को प्राथमिकता देती है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है– सीबीएसई से संबद्ध हुए 19 सरकारी स्कूल, 22 इस माह के अंत तक होंगे।

दैनिक भास्कर का शिर्षक है–प्रदेश में अब जियो स्पेशल प्लानिंग से होगा विकास, अनियोजित निर्माण पर लगेगी रोक।

दैनिक जागरण की खबर है– जागरूक हुए लोग, नहीं हुई हिमाचल की हवा खराब।

बडे साहबों को हटाने की तैयारी में सुक्खू सरकार हिमाचल दस्तक की एक खबर है।

मौसम पर पंजाब केसरी लिखता है–हिमाचल में सीजन का दूसरा हिमपात, शिमला में बूंदाबांदी,

दिव्य हिमाचल के शब्द है–पहाडों पर हिमापात से रोहतांग और कुजुंम दर्रे बंद, लाहौल स्पीति से टूटा सडक संपर्क